ई-31013/4/2023(3641343) | 9557

भारत सरकार,

गृह मंत्रालय,

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण

प्रथम तल, लोक नायक भवन,

खान मार्किट, नई दिल्ली- 110003

दिनांक - 25/29 जनवरी, 2024

कार्यालय ज्ञापन सं. 389 /2024

विषय:- भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में गृह पत्रिका हेतु लेख, स्वरचित रचनाएं आदि आमंत्रित करना और गृह पत्रिका का शीर्षक सुझाना।

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में गृह पत्रिका का प्रथम अंक प्रकाशित किया जाना है, जिसके लिए हिन्दी में स्वरचित लेख, रचनाएं, कविताएं आदि सामग्री की आवश्यकता है। अतः इस उद्देश्य से भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण मुख्यालय, एकीकृत जांच चौकियों में कार्यरत पदाधिकारियों के अलावा बाहरी लेखकों से लेख, स्वरचित रचनाएं, कविताएं आदि आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में पत्रिका हेतु स्वाधीनता आंदोलन, राजभाषा हिन्दी, भारतीय साहित्य और संस्कृति, विज्ञान, अनुसंधान, शिक्षा, कला, राजनीति, खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों पर लिखे गए लेख आमंत्रित है।

2. लेख मंगल फॉन्ट में टाइप किए हुए, व्याकरणिक एवं तथ्यात्मक दृष्टि से सही और लगभग 3000 शब्दों तक हो सकते है। शोध से जुड़े लेखों में शब्दों की सीमा लगभग 5000 शब्दों तक हो सकती है। पत्रिका में लेखों के प्रकाशन के संबंध में अंतिम निर्णय भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण का होगा। उक्त लेख, रचनाएं, कविताओं आदि का पत्रिका हेतु चयन किए जाने की स्थिति में, लेखक को 3000/- रु की मानदेय राशि प्रदान की जाएगी।

3. कृपया लेख फोटो सहित दिनांक 28 फरवरी, 2024 तक ईमेल आईडी usga-admn@lpai.gov.in, mjdelhi70@gmail.com, amarjeet.3445@gov.in भिजवाना सुनिश्चित करें।

4. इसे सक्षम अधिकारी की अनुमति से जारी किया जा रहा है।

वेद प्रकाश जुयाल

अवर सचिव (संचालन/रा.भा.)

प्रतिलिपि:-

1. निजी सचिव- अध्यक्ष, भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली।
2. निजी सचिव- सदस्य (वित्त)/सदस्य (यो. एवं वि.)/सचिव, भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली।
3. भा.भू.प.प्रा. मुख्यालय के सभी पदाधिकारी।
4. एकीकृत जांच चौकी के सभी पदाधिकारी।
5. नेटवर्क टीम- अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन को आम जानकारी के लिए भा.भू.प.प्रा. पोर्टल, ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर डालने की व्यवस्था करें।
6. कार्यालय प्रति।